प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2021-22

विषय - हिंदी (आधार)

(विषय कोड - 302)

कक्षा - बारहवीं

निर्धारित समय : 2 घंटे **अधिकतम अंक : 40 अंक**

सामान्य निर्देश :-

- निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :-
- इस प्रश्न पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।
- इस प्रश्न पत्र में कुल ***07*** प्रश्न पूछे गए हैं। आपको ***07*** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
- प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

प्रश्न संख्या	कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन	अंक (20)
प्रश्न 1.	**निम्नलिखित दिए गए 03 शीर्षकों में से किसी 01 शीर्षक का चयन कर लगभग 200 शब्दों का एक रचनात्मक लेख लिखिए :-** • प्रातः काल योग करते लोग • दुर्घटना से देर भली • जिन्हें जल्दी थी, वे चले गए	5x1=5
प्रश्न 2.	अपने क्षेत्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उनके चिकित्सकों और सहायक कर्मचारियों को कोरोना काल में उनके द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा और सरहाना करते हुए एक पत्र लिखिए। ***अथवा***	5x1=5

	बस चालकों की असावधानी से हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।	
प्रश्न 3. (i)	कहानी की परिभाषा बताते हुए इसके तत्त्वों के नाम लिखें। ***अथवा*** नाटक में अभिनय और संवाद योजना के महत्त्व को रेखांकित कीजिए।	3x1=3
प्रश्न 3. (ii)	रेडियो नाटक की अवधि छोटी क्यों रखी जाती है? ***अथवा*** कहानी में क्लाइमेक्स का क्या महत्त्व है?	2x1=2
प्रश्न 4. (i)	समाचार लेखन की रचना प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए। ***अथवा*** फ़ीचर कैसे लिखा जाता है?	3x1=3
प्रश्न 4. (ii)	समाचार और फ़ीचर में मुख्य अंतर क्या होता है? ***अथवा*** समाचार लेखन के छः ककार कौन से हैं?	2x1=2
प्रश्न संख्या	**पाठ्यपुस्तक आरोह भाग - 2 तथा अनुपूरक पाठ्यपुस्तक वितान भाग – 2**	**अंक (20)**
प्रश्न 5.	**निम्नलिखित 03 प्रश्नों में से किन्हीं 02 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**	3x2=6
(i)	शमशेर की कविता 'उषा' गाँव के जीवन का जीवंत चित्रण है। पुष्टि कीजिए।	3
(ii)	'कवितावली' के आधार पर सिद्ध कीजिए कि तुलसीदास को अपने समय की आर्थिक-सामाजिक समस्याओं की समझ थी।	3
(iii)	फ़िराक की गज़ल में अपना परदा खोलने से क्या आशय है?	3
प्रश्न 6.	**निम्नलिखित 04 प्रश्नों में से किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**	3x3=9
(i)	जाति प्रथा को श्रम विभाजन का ही एक अंग न मानने के पीछे डॉ. आंबेडकर के क्या तर्क थे?	3
(ii)	नमक कहानी में नमक की पुड़िया इतनी महत्त्वपूर्ण क्यों हो गई थी? कस्टम अधिकारी उसे लौटाते हुए भावुक क्यों हो उठा था?	3
(iii)	बाबा भीमराव आंबेडकर के अनुसार उनकी कल्पना का आदर्श समाज	3

	कैसा होना चाहिए? अपने शब्दों में अभिव्यक्त करें।	
(iv)	'ढोल में तो जैसे पहलवान की जान बसी थी।' 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर तर्क सहित पंक्ति को सिद्ध कीजिए।	3
प्रश्न 7.	**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**	3+2=5
(i)	एन फ्रैंक की डायरी किट्टी को संबोधित कर ही क्यों लिखी गई है? यह डायरी वह किसी अपने को भी संबोधित कर सकती थी? तर्क सहित उत्तर दीजिए। ***अथवा*** मोहनजोदाड़ो की सभ्यता को लो - प्रोफाइल सभ्यता क्यों माना गया है?	3x1=3
(ii)	"काश, कोई तो होता जो मेरी भावनाओं को गंभीरता से समझ पाता। अफ़सोस, ऐसा व्यक्ति मुझे अब तक नहीं मिला।" एन फ्रेंक की इस पंक्ति का आशय स्पष्ट करें। ***अथवा*** सिंधु सभ्यता के केंद्र में समाज था, राजा या धर्म नहीं! सिद्ध कीजिए।	2x1=2